बुधवार
25 फरवरी 2026
● देहरादून
● वर्ष 34
● अंक 33
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

34 साल से देहरादून का विश्वास

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com
Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# कैबिनेट बैठक में 28 प्रस्तावों पर लगी मुहर

हमारे संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हो गई है। इस बैठक में कुल 28 प्रस्तावों पर मुहर लगी है. आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पेश होने वाले बजट पर भी मंत्रिमंडल ने सहमति जाता दी है. पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले इस साल बजट में 10 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। ऐसे में

## ❑बजट में हुई 10 फीसदी की बढ़ोतरी

इस साल 1.11 लाख करोड़ रुपए का बजट सदन के पटल पर रखा जाएगा। मंत्रिमंडल ने बजट में संशोधन किए जाने संबंधित निर्णय के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अधिकृत कर दिया है।

कैबिनेट बैठक के मुख्य बिंदुओं मे आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 1.11 लाख करोड़ का बजट पेश होगा। जिसके लिये कैबिनेट से मंजूरी मिल गयी है साथ ही, इसमें संशोधन में लिए सीएम धामी को अधिकृत किया गया है। यूआईआईडीबी के ढांचे में अतिरिक्त 14 नवीन पद ऑन को सृजित किए जाने और पूर्व से सृजित सहायक महाप्रबंधक लेखा/ लेखाकर का पदनाम व ऑफिस बॉय का मानदेय परिवर्तित किए जाने पर मंजूरी मिल गयी है। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना में 21 अशासकीय अनुदानित महाविद्यालय जहां पर नियमित प्रचार नियुक्त हैं को योजना में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। उच्च शिक्षा विभाग के तहत स्वामी विवेकानंद उत्तराखंड की पुस्तकालय योजना को मंजूरी मिली है। उत्तराखंड वन विभाग सर्वेक्षक सेवा नियमावली 2010 में संशोधन किया गया है। शहरी विकास विभाग के तहत प्रदेश के सभी 11 नगर निगम में पर्यावरण अभियंता के पद सृजित किए जाने को मंजूरी दे दी गयी है। जिसमं संविदा के आधार पर पर्यावरण अभियंताओं की भर्ती की जायेगी। सेब की अत्याधुनिक नर्सरी विकास योजना 2026 को मंजूरी मिली है मुख्यमंत्री बाल पोषण अभियान-बाल पालाश योजना के तहत 3 से 6 साल उम्र के बच्चों को दी जाने वाली



सामग्रियों में नवीन सामग्रियों को शामिल किए जाने का निर्णय ले लिया गया। मुख्यमंत्री महिला पोषण योजना में संशोधन किया गया है। अब अंडा, दूध और केला के अलावा अन्य पोषक खाद्य पदार्थ भी उपलब्ध कराए जाएंगे। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग का 24वां वार्षिक प्रतिवेदन को सदन का पटल पर रखने को मंजूरी मिली है।

उत्तराखंड राज्य में माल एवं सेवा कर अपीलीय अधिकरण की राज्यपीत को देहरादून में यथावत रखने के साथ ही हल्द्वानी में एक अतिरिक्त राज्य पीठ या सर्किट बेंच की स्थापना को मंजूरी मिल गयी है। सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो को औद्योगिक विकास से ट्रांसफर कर वित्त विभाग के अंतर्गत गठित करने को मंजूरी गयी है। विश्व बैंक पोषित उत्तराखंड दक्ष जलापूर्ति कार्यक्रम के क्रियान्वयन को मंजूरी दे दी गयी है। उत्तराखंड राज्य में उपचारित जल के सुरक्षित पुन उपयोग हेतु नीति 2026 को मंजूरी मिल चुकी है। कैबिनेट बैठक मं उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के समूह क और ख के कर्मचारियों के लिए सेवा नियमावली, 2026 के प्रख्यापन को मंजूरी मिली है।

उत्तराखंड चकबंदी अधिष्ठान के तहत बंदोबस्त अधिकारी, चकबंदी के एक निसंवर्गीय पद के सृजन को मंजूरी मिली है। उत्तराखंड दुकान एवं स्थापन (रोजगार विनियम एवं सेवा- शर्त) (संशोधन) विधेयक 2026 को विधानसभा में पुनर्स्थापित किए जाने को भी मंजूरी दी गयी है। उत्तराखण्ड स्टोन क्रेशर, स्क्रीनिंग प्लांट, मोबाईल स्टोन क्रेशर, मोबाईल स्क्रीनिंग प्लांट, पल्वराईजर प्लांट, हॉट मिक्स प्लांट, रेडिमिक्स प्लांट अनुज्ञा (तृतीय संशोधन) नीति 2024 में हॉट मिक्स प्लांट की स्थापना के लिए दूरी के मानकों में संशोधन को भी मंजूरी दे दी गयी है। उत्तराखण्ड राज्य की वित्तीय स्थिति के दृष्टिगत किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के आदर्श नियम, 2016 के नियम 87 (1) के तहत गठित राज्य स्तरीय चयन समिति के अध्यक्ष को 5000/- प्रति बैठक और गैर सरकारी संगठनो से नामित 02 सदस्यों को 3000/- प्रति बैठक मानदेय दिया जाएगा। कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग में लिपिक/ मिनिस्ट्रीयल संवर्ग के पदों के संरचनात्मक ढांचे में लिपिक/ मिनिस्ट्रीयल सवर्ग का पुर्नगठन किए जाने को भी मंजूरी मिल गयी है।

देहरादून जिले के विकासनगर, उधमसिंह नगर जिले के काशीपुर और नैनीताल जिले के मुख्यालय में, यानी कुल 03 अतिरिक्त फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट्स की स्थापना और संबंधित फास्ट ट्रैक कोर्ट के लिए पदों के सृजन को मंजूरी मिली है। नैनीताल हाईकोर्ट के लिए 01 और जिला न्यायालयो के लिए 13, यानी कुल 14 न्यायालय प्रबंधकों (कोर्ट मैनेजर्स ) के नए पदों को सृजित किए जाने पर सहमति बन गयी है।विश्व बैंक के सहयोग से स्ट्रेंथनिंग ऑफ पब्लिक फाइनेंसियल मैनेजमेंट फॉर इम्प्रूवड सर्विस डिलीवरी इन उत्तराखंड के कियान्वयन के लिए स्टीयरिंग कमेटी व प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट यूनिट का गठन और प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट यूनिट के लिए पदों के सृजन को भी मंजूरी दे दी गयी है। उत्तराखंड जन विश्वास (उपबंधो का संशोधन) विधेयक 2026 को मंजूरी मिली है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रदेश में तदर्थ / अनुबन्ध / संविदा/आउटसोर्स के आधार पर कार्यरत 04 विशेष शिक्षकों को माध्यमिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक (एलटी) विशेष शिक्षा शिक्षक के पदों के सापेक्ष नियमित नियुक्ति को मंत्रिमंडल से मंजूरी दी गयी है।

कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान 32 मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें से 28 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। बैठक के दौरान आगामी विधानसभा बजट सत्र में पेश होने वाले बजट पर भी चर्चा की गई। मंत्रिमंडल ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को मंजूरी दी है। बजट में संशोधन करने की जरूरत संबंधी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अधिकृत कर दिया है।

# जनगणना-2027 की डिजिटल तैयारियां शुरू

संवाददाता

देहरादून। जनगणना-2027 की डिजिटल तैयारियां शुरू होने की चार्ज अधिकारियों से लेकर सेन्सस क्लर्क तक सभी डिजिटल जनगणना प्रशिक्षण ले रहे हैं।

आज यहां पहली बार पूर्णत: डिजिटल माध्यम से आयोजित की जा रही जनगणना-2027 के दृष्टिगत देहरादून जिला प्रशासन ने व्यापक एवं सुव्यवस्थित तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। इसी क्रम में 25 से 27 फरवरी तक आईआरडीटी सभागार, देहरादून में तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण में जनगणना संबंधी अधिकारी, चार्ज अधिकारी, सहायक चार्ज अधिकारी, तकनीकी सहायक एवं सेन्सस क्लर्क प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना की नई डिजिटल प्रणाली, मोबाइल एप्लिकेशन के उपयोग तथा जनगणना प्रबंधन की प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। विशेषज्ञों द्वारा व्यवहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से डिजिटल डेटा संकलन, सूचना प्रविष्टि, डेटा की गोपनीयता एवं सुरक्षा मानकों, पारदर्शिता तथा समयबद्ध क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया जा रहा है। जनगणना-2027 दो चरणों में संपन्न की जाएगी। प्रथम चरण 25 अप्रैल से 24 मई 2026 तक संचालित होगा, जिसके अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं भवन गणना की जाएगी। इस दौरान कच्चे एवं पक्के मकानों की स्थिति, शौचालय, पेयजल सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं से संबंधित विवरण घर-घर जाकर एकत्र किया जाएगा। द्वितीय चरण 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक आयोजित होगा, जिसमें नागरिकों की गणना का कार्य संपादित किया जाएगा। बर्फबारी वाले क्षेत्रों में यह

## ❑चार्ज अधिकारियों से लेकर सेन्सस क्लर्क तक, सभी ले रहे डिजिटल जनगणना का प्रशिक्षण

कार्य 11 से 30 सितंबर 2026 के बीच कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त 10 अप्रैल से 24 अप्रैल 2026 तक स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत परिवार पहली बार वेब पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे, जिसका सत्यापन प्रगणक द्वारा किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) केके मिश्रा ने प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना अत्यंत महत्वपूर्ण दायित्व है। सभी अधिकारी एवं कार्मिक प्रशिक्षण को गंभीरता से लें तथा अपनी शंकाओं का समाधान कर जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण करें। उन्होंने बताया कि इस बार संपूर्ण जनगणना कार्य मोबाइल एप्लिकेशन आधारित होगा। प्रगणक एवं पर्यवेक्षक अपने मोबाइल फोन के माध्यम से आंकड़ों का संकलन करेंगे। साथ ही, संपूर्ण संचालन, पर्यवेक्षण एवं प्रबंधन के लिए 'जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली' का उपयोग किया जाएगा। जनपद की प्रत्येक तहसील एवं नगर को एक विशिष्ट जनगणना चार्ज के रूप में चिन्हित कर प्रत्येक चार्ज में एक चार्ज अधिकारी नामित किया गया है, जो जनगणना कार्य के सफल क्रियान्वयन में प्रमुख भूमिका निभाएगा। वेब मैपिंग एवं क्रिएटर ऐप के माध्यम से जियो-टैगिंग कर हाउस लिस्टिंग ब्लॉकों का निर्माण, सीमाओं का निर्धारण एवं सत्यापन, कार्य की निगरानी तथा आंकड़ों की सटीकता सुनिश्चित की जाएगी। सभी प्रशिक्षण गतिविधियां वेब पोर्टल के माध्यम से संचालित होंगी। पहले क्षेत्रीय प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा, तत्पश्चात वे प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। मास्टर ट्रेनर द्वारा सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से डिजिटल डेटा संकलन की तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है तथा प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा जनगणना संबंधी अधिकारी, चार्ज अधिकारी, सहायक चार्ज अधिकारी, तकनीकी सहायक तथा सेन्सस क्लर्क को डिजिटल डेटा संकलन हेतु सीएमएमएस पोर्टल का तकनीकी और व्यावहारिक जानकारी देने के साथ उनकी शंकाओं का समाधान किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला जनगणना अधिकारी /अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) केके मिश्रा, उप जिलाधिकारी अपर्णा ढौंडियाल, उप निदेशक (जनगणना) तान्या सेठ, जिला प्रभारी प्रदीप यादव एवं कुलदीप चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

# लोकतंत्र की लड़ाई अब सड़कों पर आई

लोकतंत्र और संविधान बचाव की लड़ाई अब सड़कों पर आ गई है। पीएम मोदी ने दिल्ली में ए आई समिट में हुई फजीहत और अंतर्राष्ट्रीय बेज्जती की खीज में मेरठ में कांग्रेस पर जिस तरह से अपनी भड़ास निकाली और कांग्रेस प्रदर्शन को लेकर अपना आक्रोश निकाला उससे ऐसी चिंगारी भड़की कि यूथ कांग्रेस के प्रदर्शनकारियों और राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु की गिरफ्तारी तथा चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेजे जाने के बाद यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता कल रात से ही सड़कों पर उतर चुके हैं। उदय भानु जो दिल्ली में हुए प्रदर्शन में भी शामिल नहीं थे उन्हें पुलिस हिरासत में लिए जाने और 40 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किये जाने तथा उन पर आतंकवाद व देशद्रोह जैसी धाराओं में केस दर्ज किए जाने को लेकर कांग्रेस आग बबूला है तथा बीती रात से ही दिल्ली से लेकर दून तक पूरे देश में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर है एक अरसे बाद कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं कि गिरफ्तारी के समर्थन में खुली जंग का ऐलान कर दिया है। राहुल गांधी ने इनको बब्बर शेर बताते हुए कहा है कि उन्हें किसी से भी डरने की जरूरत नहीं है कांग्रेस उनके साथ खड़ी है। विरोध प्रदर्शन हमारा संवैधानिक अधिकार है उधर उदय भानु के माता-पिता ने इस गिरफ्तारी को असंवैधानिक और कायरता बताते हुए कहा है कि उन्हें अपने बेटे पर गर्व है कि वह देश और संविधान की रक्षा के लिए लड़ रहा है। हो सकता है की डर और भय दिखा कर विपक्ष को चुप कराने की कोशिश में जुटी भाजपा व पीएम मोदी को इस बात का अंदाजा न हो कि उदय की गिरफ्तारी की गलती उन पर इतनी भारी पड़ जाएगी। लेकिन अब तो कमान से तीर निकल चुका है। देश भर में 5 करोड़ से अधिक युवा कांग्रेस के रजिस्टर्ड सदस्य है एक अन्य खास बात यह है कि पूरी कांग्रेस पार्टी और समूचे विपक्ष दल के नेताओं का भी कांग्रेस के इस विरोध में समर्थन मिल रहा है। एक अन्य बात यह है कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों तानाशाही से ऊब चुके लोग और खास तौर से देश के युवा और किसान भी कांग्रेस के समर्थन में खड़े हो चुके हैं। राहुल गांधी के इस ऐलान के बाद की अब वह एक कदम भी पीछे हटने वाले नहीं है। यह साफ हो चुका है कि यह आग अब उस हद तक भड़क चुकी है कि वह सहज शांत होने वाली नहीं है। उदय भानु के माता ने देश के लोगों से खासकर युवाओं से अपील की है कि देश और लोकतंत्र तथा संविधान बचाने की इस लड़ाई में वह उनके साथ आए। निश्चित तौर पर यह स्थिति अब ऐसे खतरनाक मोड़ पर आ चुकी है जिसके परिणाम के बारे में अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। बात चाहे उस फाइल की हो जिसमें हरदीप पुरी से लेकर पीएम मोदी और उनके उद्योगपति के नाम सामने आ रहे हैं चाहे उसे ट्रेड डील की हो जिसे अमेरिका के दबाव में किया जा रहा है तमाम इन मुद्दों के बीच अब ई समिट में हुई भारी गड़बड़ी की हो जिसे लेकर सत्ता पक्ष को अपने बचाव का कोई रास्ता नहीं मिल पा रहा है। सरकार ने युवाओं को लेकर एक सामान्य प्रदर्शन की आड़ में छेड़ कर ततइयों के छत्ते में हाथ डाल दिया है जिससे निपटना अब उसके लिए आसान नहीं होगा। ऐसा करके शायद सरकार अब अति से अंत की ओर एक और कदम बढ़ा चुकी है।

# सहसपुर हरियावाला में 27 फरवरी को आयोजित होगा बहुउद्देशीय शिविर

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। जन जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत सांसद नरेश बंसल की अध्यक्षता में आगामी 27 फरवरी, 2026 को अपराह्न 12:30 बजे से सहसपुर ब्लाक के राजकीय इंटर कॉलेज हरियावाला में वृहद बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि शिविर में जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर जन समस्याओं का मौके पर निस्तारण करेंगे और विभागीय स्टॉल के माध्यम से सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

शिविर में समाज कल्याण, महिला कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, ग्राम्य विकास, पंचायत राज, लोनिवि, सिंचाई, उद्योग, पर्यटन, विद्युत व पेयजल समेत अन्य विभागों की सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। इसमें वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग, किसान पेंशन, छात्रवृत्ति, विवाह अनुदान, पोषण, टीकाकरण, नेत्र परीक्षण, राशन कार्ड, स्वरोजगार आवेदन, आधार कार्ड, पीएम जीवन ज्योति एवं पीएम जीवन सुरक्षा योजनाओं से संबंधित सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने क्षेत्रीय जनता से अपील की है कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने और अपनी समस्याओं का समाधान कराने हेतु शिविर में अवश्य भाग लें।

# लोकभवन में बसंत उत्सव के चलते डायवर्ट रहेगा ट्रैफिक

देहरादून (आरएनएस)। 27 फरवरी से एक मार्च तक लोकभवन (राजभवन) में बसंतोत्सव होने जा रहा है। इसके लिए मंगलवार को पुलिस ने ट्रैफिक प्लान जारी कर दिया है। ट्रैफिक प्लान 27 फरवरी से एक मार्च तक बसंतोत्सव चलने तक लागू रहेगा। ट्रैफिक प्लान लागू करने से पहले मंगलवार को एसपी सिटी प्रमोद कुमार और एसपी ट्रैफिक लोकजीत सिंह ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण भी किया। बसंतोत्सव का ट्रैफिक प्लान - राजपुर रोड की ओर से जाने वाले वाहन दिलाराम चौक, न्यू कैंट रोड होते हुए एनेक्सी तिराहा पर सवारों को ड्राप कर 8 जीआर मैदान में पार्क होंगे। यह पार्किंग फुल होने पर आरटी ग्राउंड में भी वाहन पार्क होंगे। पार्किंग स्थल से लोकभवन गेट के पास तक शटल सेवा चलेगी।

गढ़ी कैंट की ओर से आने वाले वाहन वाटिका तिराहा से महिंद्रा ग्राउंड में पार्क किया जाएंगे। यहां से शटल सेवा से एनेक्सी तिराहा तक भेजा जाएगा। सरकारी अधिकारी-कर्मचारियो के प्राईवेट वाहनों की पार्किंग आरटी ग्राउंड में होगी। सड़क किनारे वाहनों को पार्क करने वालों के वाहन चालान किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर क्रेन से उठावा लिया जाएगा। ट्रैफिक दबाव होने पर डायवर्ट प्लान दिलाराम चौक से कैंट रोड की ओर यातायात के दबाव होने की स्थिति में राजपुर रोड से समारोह में आने वाले वाहनों को सर्वे ऑफ इंडिया गेट के अंदर से न्यू कैंट रोड पर भेजा जाएगा। मसूरी-कुठालगेट से आयोजन में आने वाले वाहनों को जोहड़ी गांव, गुच्चुपानी, सप्लाई तिराहा सीएसडी तिराहा भेजा जाएगा। यहां वाहनों में सवार उतर जाएंगे। वाहन महिंद्रा ग्राउंड में पार्क होंगे।

# एसएसपी ने किया फायर स्टेशन नरेन्द्रनगर का वार्षिक निरीक्षण

संवाददाता

टिहरी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने फायर स्टेशन नरेन्द्र नगर का वार्षिक निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिये।

आज यहां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद टिहरी गढ़वाल द्वारा फायर स्टेशन नरेन्द्रनगर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मुख्य अग्निशमन अधिकारी टिहरी गढ़वाल, पुलिस उपाधीक्षक नरेन्द्रनगर तथा प्रभारी फायर स्टेशन नरेन्द्रनगर शंकर चंद रमोला सहित समस्त अग्निशमन कार्मिक उपस्थित रहे। सर्वप्रथम एसएसपी द्वारा फायर स्टेशन प्रांगण में फॉल-इन परेड का निरीक्षण कर सभी कर्मचारियों का टर्न-आउट/वर्दी चेक किया गया। सभी कर्मचारी निर्धारित व साफ-सुथरी वर्दी में पाए गए। दिवसाधिकारी ड्यूटी पर लीडिंग फायरमैन राजेन्द्र शुक्ला तथा वॉचरूम/संतरी ड्यूटी पर महिला फायरमैन दिया पंवार सतर्क एवं बावर्दी उपस्थित पाई गईं। स्टेशन पर उपलब्ध सभी फायर वाहनों, मशीनों एवं उपकरणों को स्टार्ट कराकर उनकी कार्यशीलता जांची गई, जो संतोषजनक पाई गई। स्टोर रूम का निरीक्षण कर सामग्री का रख-रखाव व्यवस्थित पाया गया तथा अभिलेख अद्यावधिक मिले। इसके उपरांत उनके द्वारा उपस्थित अग्निशमन कार्मिकों का सम्मेलन लिया गया, जिसमें कर्मचारियों से व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं/सुझावों की जानकारी ली गई। सभी कार्मिकों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। एसएसपी के द्वारा सभी कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि टर्न-आउट के समय सेफ्टी गियर्स एवं साफ-सुथरी वर्दी अनिवार्य रूप से धारण करें। आपसी समन्वय एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखें। किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें। साथ ही प्रभारी स्टेशन अधिकारी को आगामी फायर सीजन एवं यात्रा सीजन के दृष्टिगत विशेष सतर्कता रखने, पर्याप्त जनशक्ति बनाए रखने तथा आकस्मिक सूचना प्राप्त होते ही त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। टिहरी गढ़वाल पुलिस / अग्निशमन विभाग आमजन की सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर है।

# हमलावरों पर कार्रवाई नहीं तो सड़कों पर उतरेंगे शिक्षक

कोटद्वार(आरएनएस)। विभिन्न शिक्षक संगठनों ने प्रारंभिक शिक्षा निदेशक पर हमले की कड़ी निंदा करते हुए हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। विकासखंड एकेश्वर के राजकीय शिक्षक संघ व प्राथमिक शिक्षक संघ, उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी के आह्वान पर शिक्षक व कर्मचारियों ने एसडीएम चौबट्टाखाल को ज्ञापन सौंपा। राजकीय शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गणेश पसबोला, संजीव थपलियाल, महेंद्र रौतेला, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के संरक्षक यतेंद्र मोहन धस्माना, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण नेगी, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुधीर रावत, संरक्षक रमेश भट्ट व हिम्मत सिंह राणा ने ज्ञापन सौंपा। वहीं राजकीय शिक्षक संघ के मंडल मंत्री मनमोहन चौहान व मंडल अध्यक्ष जयदीप रावत ने महानिदेशक को पत्र लिखकर जानलेवा हमले के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होने पर शिक्षक समाज की ओर आंदोलनात्मक कदम उठाने की चेतावनी दी। उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा व प्रांतीय महामंत्री डॉ. महावीर सिंह बिष्ट ने भी शीघ्र कार्रवाई की मांग की। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की राइंका कोटद्वार में हुई बैठक में अध्यक्ष मुकेश रावत ने दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने पर शिक्षकों के सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी।

# गौचर पीएचसी के उच्चीकरण का प्रस्ताव महानिदेशक को भेजा

चमोली(आरएनएस)। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौचर के उच्चीकरण के लिए सभी मानकों को पूरा करते हुए सीएमओ कार्यालय की ओर से प्रस्ताव स्वीकृति के लिए महानिदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण देहरादून को भेज दिया गया है। क्षेत्रीय जनता और जनप्रतिनिधियों की मांग पर गौचर मेले के शुभारंभ पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने लगातार दो बार गौचर स्वास्थ्य केंद्र के उच्चीकरण की घोषणा की थी लेकिन स्वास्थ्य केंद्र का उच्चीकरण नहीं हो पाया। इस संबंध में व्यापार संघ अध्यक्ष राकेश लिंगवाल, जनकल्याण लोक सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील पंवार ने सीएम से भेंट की थी। इसके बाद पालिका अध्यक्ष संदीप नेगी ने स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार के समक्ष गौचर स्वास्थ्य केंद्र के उच्चीकरण का मामला उठाया था।

# जैविक उत्पादों को स्टाल लगाकर बेचें काश्तकार - बुटोला

चमोली(आरएनएस)। बदरीनाथ विधायक लखपत बुटोला ने काश्तकारों को जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने और मौसम के अनुसार खेती करने का आह्वान किया। विधायक ने ग्राम पंचायत दुर्मी में ग्रामोत्थान परियोजना (रीप) की ओर से आवंटित पहाड़ी स्वाद एंड लोकल फूड प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं से बात कर जगह-जगह लगने वाले मेलों और शिविरों में स्थानीय उत्पादों के स्टाल लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामोत्थान परियोजना काश्तकारों को जैविक उत्पादों के उत्पादन के लिए प्रेरित कर रहा है। इस मौके पर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद सजवाण, विधायक प्रतिनिधि शैलेंद्र नेगी, पूर्व प्रधान मोहन नेगी, सचिन गड़िया, महिला मंगल दल अध्यक्ष मधु देवी, प्रेम सिंह फरस्वाण, गोविंद सिंह फरस्वाण और शकुंतला देवी आदि मौजूद रहे।

# एडवेंचर फेस्टिवल के लिए पैराग्लाइडिंग के प्रतिभागियों ने किया अभ्यास

कोटद्वार(आरएनएस)। नयार घाटी में आगामी 26 मार्च से होने वाले तीन दिवसीय एडवेंचर फेस्टिवल में पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रविवार शाम से प्रतिभागियों का पहुंचना शुरू हो गया है। सिक्किम, हिमाचल, नैनीताल और टिहरी के 24 प्रतिभागियों ने अभ्यास किया। जिलाधिकारी गढ़वाल स्वाति एस भदौरिया के अनुसार, एडवेंचर फेस्टिवल में नेशनल पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के लगभग ७० प्रतिभागी हिस्सा लेंगे जिसमें सभी प्रतिभागी प्रतिदिन चार व तीन दिनों में कुल 12 उड़ानें भरेंगे। 12 राउंड बाद बुल आई पर सर्वाधिक एक्यूरेसी से उतरने वाले प्रथम तीन विजेताओं का फैसला किया जाएगा जिन्हें 75, 5० और 3० हजार रुपये की धनराशि और ट्रॉफी दी जाएगी। वहीं, पैराग्लाइडिंग में उत्तराखंड राइजिंग स्टार के विजेता को भी 25 हजार की धनराशि दी जाएगी। पैराग्लाइडिंग ओवरऑल टीम में प्रथम तीन स्थान की विजेता टीमों को 5०, 3० और 2० हजार रुपये की राशि दी जाएगी। माउंटेन बाइकिंग, क्याकिंग और एंग्लिंग के पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को 3०, 2० और 15 हजार रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्रतियोगिता में बुल आई लैंडिंग एरिया के बिल्कुल केंद्र में स्थित एक छोटा, सटीक लक्ष्य बिंदु (आमतौर पर एक इलेक्ट्रॉनिक पैड या निशान) होता है। पायलटों को उड़ान के बाद इसी केंद्र बिंदु पर उतरना होता है और इसके जितने करीब (० सेमी) लैंडिंग होती है उतने ही बेहतर अंक मिलते हैं जो तकनीकी कौशल और सटीक नियंत्रण को दर्शाता है।

# सोशल मीडिया की बढ़ती लत पर जताई चिंता

श्रीनगर गढ़वाल(आरएनएस)। गढ़वाल विवि के सामुदायिक भवन में हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति की ओर से विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. प्रकाश चमोली ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति और सोशल मीडिया की लत पर चिंता व्यक्त की।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आई 35 कीर्तन मंडलियों ने भाग लिया। साथ ही समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सरिता उनियाल, डॉ. जसपाल खत्री, संरक्षक प्रो. मोहन पंवार, प्रो. राकेश कुंवर, संयोजक बीरबल सिंह चौहान एवं संदीप राणा ने किया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता डॉ. जसपाल खत्री ने आगामी समय के लिए पंच परिवर्तन-पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व का बोध, सामाजिक समरसता और नागरिक कर्तव्य को अपनाने पर बल दिया। महिला वक्ता डॉ. सरिता उनियाल ने महिला सशक्तीकरण पर विचार रखे। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, मेयर आरती भंडारी, प्रो. मंजुला राणा, प्रदीप राणा, अक्षितेश नैथानी आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाएं देवप्रयाग। अंजनीसैण के अंतर्गत रौड़धार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के १०० वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि स्वामी शिवानंद गिरि महाराज ने कहा कि जब हिंदू समाज संगठित और जागरूक रहता है तभी राष्ट्र सशक्त और समृद्ध बनता है। युवाओं से उन्होंने भारतीय संस्कृति और परंपराओं को आत्मसात कर राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता सह विभाग कार्यवाहक संजीव भट्ट ने कहा कि शताब्दी वर्ष केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मंथन और नवसंकल्प का अवसर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख विनोद बिष्ट ने की। संचालन मनोज बागड़ी ने किया व कार्यक्रम संयोजक ज्ञान सिंह रावत रहे। इस अवसर पर टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, अंजनीसैणी खंड के पालक जिला सेवा प्रमुख मुकेश लखेड़ा, जिला धर्म जागरण नरेश कोठियाल आदि मौजूद रहे।

## संयुक्त टीम ने करीब सौ अस्थायी ढांचे किए ध्वस्त

हरिद्वार(आरएनएस)। नगर निगम और पुलिस-प्रशासन की संयुक्त ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। हरिद्वार में देवपुरा से लेकर रेलवे स्टेशन तक नाले के ऊपर करीब सौ अतिक्रमण ध्वस्त कर दिए गए। शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के साथ नालों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के उद्देश्य से प्रशासन ने यह कदम उठाया। सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने अतिक्रमणकारियों का सामान भी जब्त किया। प्रशासन का कहना है कि नालों पर अवैध निर्माण से जल निकासी बाधित हो रही थी और राहगीरों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इस दौरान पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा, हालांकि पुलिस बल की मौजूदगी में यह अभियान शांतिपूर्ण तरीके से चला। प्रशासन ने चेताया कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस टीम में सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी, सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद, हरकी पैड़ी प्रभारी संजीत सिंह कंडारी और आदित्य तेश्वर सहित नगर निगम और पुलिस के अफसर-कर्मचारी मौजूद रहे।

# दोनहरिया में हादसे के बाद फूटा लोगों का गुस्सा, प्रदर्शन

हल्द्वानी(आरएनएस)। दोनहरिया रोड पर रविवार को हुए हादसे में बुजुर्ग की मौत के बाद संबंधित विभागों की लापरवाही पर लोगों का आक्रोश बढ़ गया। दोहनरिया के स्थानीय निवासियों ने यूयूएसडीए की अनुबंधित एजेंसी के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। क्षेत्र में हो रही दुर्घटनाओं के लिए विभागों की कार्यप्रणाली को जिम्मेदार ठहराया। प्रशासन और विभागों की जवाबदेही तय करने की मांग की गई।

समर्थन में विधायक सुमित हृदयेश के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता भी रहे। पार्षद मुकुल बल्यूटिया के नेतृत्व में जुटे लोगों ने कहा कि प्रशासन के साथ विभाग को संभावित दुर्घटना की चेतावनी पहले दे दी थी। इसके बाद भी सुरक्षा उपाय नहीं किए। इस कारण बुजुर्ग को जान गंवानी पड़ी है। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि पंद्रह दिन पहले पुलिस अधिकारियों से सड़क को वन-वे घोषित करने का आग्रह किया था, जिससे संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसके बाद यहां नो इंट्री में भारी वाहन दौड़ते रहे। कहा अनियोजित तरीके से किया जा रहा काम लोगों के लिए परेशानी बन गया है। जल्द सुरक्षा उपाय न किए जाने पर विभागों के घेराव की चेतावनी दी। यहां नितिन बल्यूटिया, वीर सिंह बिष्ट, राजेंद्र नेगी, राजेंद्र शर्मा, भूपेंद्र चुफाल, पूर्व पार्षद गीता बल्यूटिया, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, ललित जोशी, मधु सांगुड़ी, हरीश मेहता, एनबी गुणवंत, अवध बिहारी शर्मा, देवेंद्र धर्मसत्तू, पार्षद रवि जोशी, धर्मवीर, हेमंत शर्मा, नवीन पांडेय, जया कर्नाटक, पुष्पा मेहता, मीनाक्षी नयाल, रेणू तोमर, चंद्रमोहन ठाकुर, जीवन कार्की, मोहन बिष्ट, महेशनान्द, गिरीश पांडे, गोविंद बगड़वाल, जगमोहन बगड़वाल, खीमानन्द पांडे, मलय बिष्ट, नीतिन भट्ट, कैलाश शाह, दीपक शाह, देवेंद्र नेगी, जिज्ञासु भट्ट, लक्ष्मीकांत, लाल सिंह पवार रहे।

# शिकायत का दो दिन में निस्तारण न होने पर होगी कार्रवाई: डीएम

हरिद्वार (आरएनएस)। डीएम मयूर दीक्षित ने जनशिकायतों के निपटारे को लेकर सख्त रुख अपना लिया है। उन्होंने अफसरों से कहा कि कोई भी फरियादी एक ही समस्या लेकर दोबारा जनसुनवाई में न पहुंचे। यदि ऐसा पाया गया तो अफसर दो दिन में समाधान करें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। जिला कार्यालय सभागार में डीएम की अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई में 78 शिकायतें दर्ज की गई और 42 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतें जिम्मेदार विभागों को भेजी गई।

इस दौरान राजस्व, भूमि विवाद, बिजली-पानी, राशन, अतिक्रमण, पंचायतीराज और शिक्षा विभाग से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। डीएम ने कहा कि जिन मामलों में स्थलीय निरीक्षण जरूरी है, वहां आपसी समन्वय के साथ समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस बैठक में सीडीओ ललित नारायण मिश्रा, एडीएम दीपेंद्र सिंह नेगी, सीएमओ आरके सिंह, डीडीओ वेद प्रकाश, एसडीएम जितेंद्र कुमार, जिला पंचायतीराज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, मुख्य कोषाधिकारी अजय कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल, ईई-यूपीसीएल दीपक सैनी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नलिनी ध्यानी, डीएसओ अविनाश भदौरिया, जिला क्रीड़ा अधिकारी शबाली गुरुंग और एआरटीओ निखिल शर्मा मौजूद रहे।

सड़कों पर गड्ढे और मुआवजा का इंतजार डीएम दरबार में सैनिक कॉलोनी पथरी के प्रवीण शर्मा ने बताया कि रेलवे स्टेशन के पास एक कंपनी में रेत-बजरी से भरे वाहनों के संचालन से सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं। जगदीशनगर के सतीश कुमार अरोड़ा ने बताया कि उन्होंने एचआरडीए से सी-1 भूखंड खरीदा था, जिसका कुल क्षेत्रफल 742.65 वर्गमीटर था। वर्ष 2०14 में एनएच-58 के लिए 78.46 वर्गमीटर भूमि अधिग्रहीत की गई, लेकिन मुआवजा नहीं मिला। लिंक रोड पर पुल क्षतिग्रस्त, जलभराव से परेशानी शिव गंगा विहार कॉलोनी के लोगों ने डीएम को बताया कि लिंक मार्ग पर पुल क्षतिग्रस्त है। बरसाती पानी की निकासी न होने से आवासीय क्षेत्र में जलभराव होता है। गढ़मीरपुर के तेजपाल सिंह ने बताया कि अन्नेकी हेतमपुर स्थित कृषि भूमि तक जाने वाली सीसी रोड पर कुछ काश्तकारों ने बांध बनाकर पानी छोड़ दिया है, जिससे फसल खराब हो गई। हलजोरा इब्राहिमपुर के सचिन सिंह ने घर के बाहर कूड़ा डाले जाने की शिकायत की। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें जल्द निपटाएं इस बैठक में सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की भी समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी अफसर तय समयसीमा के भीतर शिकायतों का निस्तारण करें। 36 दिन से अधिक लंबित शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाया जाए। समीक्षा में बताया गया कि एल-1 स्तर पर 461 और एल-2 स्तर पर 95 शिकायतें लंबित हैं। अफसरों को निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ताओं से फोन पर वार्ता कर संतुष्टि सुनिश्चित करें।

# नई परतों की नई सुर्खियों में ट्रंप बैचेन

हरिशंकर व्यास

चाहे तो इसे पतनगामी पूंजीवाद का मकड़जाल कहें या अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष का कालजयी सत्व-तत्व! मनुष्य आदिकाल से पैसे (पॉवर, अर्थ) और सेक्स (काम-भोग) की वासना में जन्म-जन्मांतर चक्र में खपा चला आ रहा है। इसी से धर्म व मोक्ष के फलसफे गढ़े। बावजूद इसके ताजा सुर्खियां चौंकाने वाली है। पहली बार सेक्स-पॉवर की धुरी का वैश्विक तानाबाना खुला है। आज जेफ़री एपस्टीन दुनिया का नंबर एक चर्चित चेहरा है। पहली बार अदालती दस्तावेज़ों से सत्ता, पूंजी और यौन-शोषण का इतना गहरा और पसरा नेटवर्क उभरा है।

एपस्टीन सिर्फ फ़ाइनेंसर, यौन अपराधी और मानव तस्कर नहीं था। वह उस नेटवर्क का रचयिता था, जो राष्ट्रपति, पूर्व राष्ट्राध्यक्ष, प्रधानमंत्री, राजकुमार, खरबपति और वैश्विक प्रभावशाली कुलीनों, एलिट की भूख का सप्लायर था। वह संपर्कों, यात्राओं और संवादों से वह सब करता हुआ था जो आमतौर पर देशों की राजधानियों में सिमटे सत्ता-दलालों का पैमाना रहा है। पहली बार मालूम हुआ कि अमेरिका यदि दुनिया को नचाता है तो अमेरिकी दलाल भी दुनिया को नचाते हैं। इनकी वह वैश्विक, बहुराष्ट्रीय मंडी है, जिससे तमाम देशों के नेताओं की भूख पूरी होती है। और यह महज़ अफ़वाह या खोजी पत्रकारिता की सनसनी नहीं है, बल्कि अदालतों और जांच एजेंसियों के दस्तावेज़ों से उद्घाटित है।

सो, एपस्टीन केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि उस व्यवस्था, उस भूख का प्रतीक है, जिसमें पैसा, प्रभाव और वासना एक-दूसरे को पोषित करते हैं। एपस्टीन इस तंत्र का केंद्रीय संचालक था। और वह अपराधी भी करार हुआ। जेल में ही उसने आत्महत्या की।

शुक्रवार को अमेरिका के न्यायिक विभाग ने 35 लाख से अधिक पेज और हजारों फ़ोटो और वीडियो सार्वजनिक किए। सब जेफ़री एपस्टीन और उसकी सहयोगी गिस्लेन मैक्सवेल के सेक्स-रैकेट नेटवर्क की जांच से जुड़े हैं। इन दस्तावेज़ों में इलेक्ट्रॉनिक संदेश, फ़्लाइट लॉग, बैंक रिकॉर्ड आदि शामिल हैं। और उसके कारण अमेरिका में सर्वाधिक फ़ोकस में राष्ट्रपति ट्रंप लगातार हैं। उनके एपस्टीन के साथ रिश्तों का तानाबाना और खुला है।

शायद इसी कारण अमेरिकी न्याय विभाग ने सभी दस्तावेज़ जारी नहीं किए। उसने खुद बताया है कि और भी दस्तावेज़ फ़ाइलों में हैं, मगर उन्हें जारी नहीं किया जाएगा। यदि अमेरिका की संसद अपने कानूनी अधिकारों से जस्टिस विभाग को मजबूर नहीं करती, तो शुक्रवार के दस्तावेज़ भी सार्वजनिक नहीं होते। इसलिए आगे ट्रंप प्रशासन की मुश्किलें बढ़ेंगी। जस्टिस विभाग ने ट्रंप या उन जैसी वैश्विक हस्तियों को बचाने के लिए दस्तावेज़ों के महत्वपूर्ण अंश, जैसे गवाहों के बयानों पर काली स्याही पोतकर उन्हें पब्लिक से ओझल किया।

मतलब नाबालिग या कम उम्र की यौन पीड़िता ने गवाही में अपना जो बयान दर्ज कराया, उसके पूरे पेज को काली स्याही से पोत दिया। इस तरह स्याही से नाम, गवाही सब मिटा दिए गए। मतलब नेटवर्क के उजागर हुए कोई बीस-पच्चीस दलालों, सप्लायरों में किसने क्या किया और यौन-शोषण की शिकार महिलाओं ने क्या बयान दिए, सब काली स्याही में छुपाकर जस्टिस विभाग ने दस्तावेज़ जारी किए हैं।

सो, अमेरिकी कांग्रेस और खासकर डेमोक्रेट सांसदों ने न्यायिक विभाग पर आरोप लगाया है कि पहले तो उसने कानूनी समयसीमा की पालना नहीं की। फिर फ़ाइलों को पूरी और बिना काले अक्षरों (ह्वठ्ठह्द्गस्रड्डष्ह्लद्गस्र) के रूप में जारी नहीं किया, ताकि पावरफुल लोगों की पहचान दबी रहे। उस नाते कह सकते हैं कि कहानी तो अभी शुरू हुई है।

अमेरिकी मीडिया में यह बहस चली हुई है कि फ़ाइलों के सार्वजनिक किए जाने के बावजूद कितने लाख कागज़, फ़ोटो, वीडियो न्यायिक विभाग ने दबाए हुए हैं? कितनी सच्चाई और गवाही सामने आई है और कितनी छिपी हुई है?

ईमेल दस्तावेज़ों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम बार-बार है। इन्हें ट्रंप ने डेमोक्रेट नेताओं की साज़िश कहकर ख़ारिज किया है। ताज़ा दस्तावेज़ों के हाई-प्रोफ़ाइल व्यक्तियों में बिल गेट्स, ट्रंप के वाणिज्य मंत्री, ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर, इलॉन मस्क आदि कई नाम हैं।

निश्चित ही ज़िक्र से यह निष्कर्ष नहीं निकलता है कि ये सभी एक ही थैली के चट्टे-बट्टे थे, मगर यह भी तथ्य है कि भंडाफोड़ होने के ख़तरे के चलते ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर ने पहले ही पदवी छोड़ दी। एपस्टीन द्वारा प्रिंस को भेजी गई यौन शोषण की शिकार महिला ने कहा है कि उन्हें पूर्व प्रिंस के साथ सेक्स के लिए ब्रिटेन भेजा गया था। इस महिला के वकील ने एपस्टीन के वैश्विक नेटवर्क की शिकार दो सौ से ज़्यादा यौन पीड़िताओं के मामले देख रहे हैं। उन्होंने वर्जीनिया जियुफ़्रे का भी केस लड़ा, जिसका आरोप था कि सन् २००१ में, जब वह 17 साल की थीं, तब उन्हें लंदन लाया गया ताकि वह पूर्व प्रिंस की भूख पूरी कर सकें।

जेफ़री एपस्टीन को सबसे पहले २००८ में फ़्लोरिडा में 14 साल की लड़की से सेक्स के लिए उकसाने के मामले में दोषी ठहराया गया था। उसने अपनी सज़ा जुलाई २०१० में पूरी की। बीबीसी के अनुसार, एपस्टीन ने तब कई महिलाओं को व्यावसायिक उड़ानों और अपने निजी जेट्स के ज़रिए ब्रिटेन पहुंचाया था।

सो, जेफ़री एपस्टीन का कारनामा, वैश्विक नेटवर्क का ही नहीं है। इस कहानी के और भी पहलू है। अमेरिकी मीडिया में कहा जा रहा है कि इज़राइल की खुफ़िया एजेंसी मोसाद की बदौलत एपस्टीन का साम्राज्य बना। अमेरिका में यहूदी ताक़त का वह एक प्रतिनिधि चेहरा था। इसलिए पश्चिम एशिया की क्षेत्रीय राजनीति, ईरान बनाम सऊदी अरब की भू-राजनीति से लेकर मालदीव के राष्ट्रपति द्वारा चुनाव के

▶▶ शेष पृष्ठ 5 पर



## हर महिला के पास होने चाहिए ये 5 तरह की लेगिंग, हर मौके पर आएंगी काम

लेगिंग आजकल की महिलाओं के लिए एक जरूरी फैशन आइटम बन गई हैं। ये न केवल आरामदायक होती हैं, बल्कि सही तरह से पहनने पर स्टाइलिश भी लगती हैं। बाजार में अलग-अलग प्रकार की लेगिंग उपलब्ध हैं, जिन्हें आप मौकों के हिसाब से पहन सकती हैं। आज के फैशन टिप्स में हम आपको 5 तरह की लेगिंग के बारे में बताने वाले हैं, जो हर महिला के पास होनी चाहिए और जिनसे वे हर मौके पर स्टाइलिश दिख सकती हैं।

रोजमर्रा की लेगिंग

रोजमर्रा की लेगिंग दैनिक उपयोग के लिए सबसे अच्छी रहती हैं। ये लेगिंग सूती कपड़े से बनी होती हैं और इनमें खिंचाव भी होता है, जिससे इन्हें पहनना बहुत आरामदायक लगता है। आप इन्हें टी-शर्ट या कुर्ते के साथ पहन सकती हैं। ये लेगिंग घर से बाहर जाने या दोस्तों के साथ समय बिताने के लिए बेहतरीन विकल्प हो सकती हैं। इनका रंग और डिजाइन भी आप अपनी पसंद के अनुसार चुन सकती हैं।

कसरत वाली लेगिंग

कसरत वाली लेगिंग एक्सरसाइज करने के लिए बनाई जाती हैं। इनमें अधिक खिंचाव होता है और ये पसीना सोखने वाली होती हैं, जिससे आपकी एक्सरसाइज का अनुभव बेहतर हो सकता है। इन लेगिंग की खासियत यह है कि ये जल्दी से सूख जाती हैं और लंबे समय तक अच्छी गुणवत्ता में रहती हैं। आप इन्हें जिम या घर पर योग या एक्सरसाइज करते समय पहन सकती हैं। अच्छे ब्रांड वाली लेगिंग में निवेश करें, ताकि वे जल्दी खराब न हों।

ऑफिस के लिए लेगिंग

ऑफिस के लिए लेगिंग कामकाजी माहौल के लिए उपयुक्त होती हैं। इनमें अधिक फिटिंग होती है और ये अधिक पेशेवर लुक दे सकती हैं। आप इन्हें ब्लाउज या शर्ट के साथ पहन सकती हैं। इन लेगिंग की खासियत यह है कि ये आपको एक साफ-सुथरा लुक देती हैं, जिसे ऑफिस या किसी औपचारिक कार्यक्रम में पहना जा सकता है। ऑफिस के लिए आपको काली, गहरी नीली या सफेद लेगिंग लेनी चाहिए।

पार्टी वाली लेगिंग

पार्टी वाली लेगिंग खासतौर पर त्योहारों या किसी विशेष अवसर पर पहनी जा सकती हैं। इनमें चमकदार तत्व एलजीई हो सकते हैं, जैसे चमकीले रत्न या ग्लिटर। ये आपको पार्टी में अलग दिखा सकती हैं और खास लुक दे सकती हैं। आप इन्हें चोली या किसी स्टाइलिश टॉप के साथ पेयर कर सकती हैं। इन लेगिंग की खासियत यह है कि ये कई अलग-अलग तरीकों से स्टाइल की जा सकती हैं और आराम से भी समझौता नहीं करना पड़ता है।

यात्रा के लिए लेगिंग

ये लेगिंग आप लंबी यात्रा करते समय पहन सकती हैं। इनमें आमतौर पर एक पट्टा लगा होता है, जो कमर पर फिट रहता है और इनमें जेब भी होती है। इन जेबों में आप छोटी-मोटी चीजें रख सकती हैं, जो यात्रा के दौरान काम आती हैं। इन लेगिंग की खासियत यह है कि ये पूरी तरह से आरामदायक अनुभव देती हैं, चाहे आप कितनी भी देर तक इन्हें पहने रहें। आप इन्हें टैंक टॉप के साथ पेयर कर सकती हैं। (आरएनएस)

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।


—प्रबंधक विज्ञापन

## शब्द सामर्थ्य -054

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 53 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

# आकांक्षा चमोला ने अपने ग्लैमरस अवतार से इंटरनेट पर लगाई आग

बिग बॉस 19 के विनर गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला इन दिनों खूब लाइमलाइट बटोर रही हैं। बिग बॉस 19 में सिर्फ एक दिन के लिए आने के बाद से ही आकांक्षा ट्रोलिंग क्वीन बन गई हैं। पहले वह मां नहीं बनने के फैसले पर ट्रोल हुई थीं और फिर वह अपने नए प्रोजेक्ट की वजह से लोगों के निशाने पर आ गईं। इन सबके बीच, आकांक्षा अपनी बिंदास लाइफ जी रही हैं। उन्होंने अपनी कुछ नई फोटोज से सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है। एक-एक फोटो पर फैंस कमेंट कर रहे हैं।

आकांक्षा चमोला ने अपनी नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। जिसमें वह रेड वाइन बनी हुई दिख रही हैं। इन फोटोज में आकांक्षा ने लाल रंग का गाउन पहना है, जो ऑफ शोल्डर है। आकांक्षा चमोला अपनी इस तस्वीर में खिलखिलाकर मुस्कुरा रही हैं। एक्ट्रेस की स्माइल इस फोटो में चार चांद लगाने का काम कर रही हैं और उनकी छोटी चोटी आंखें काफी क्यूट लग रही हैं।

आकांक्षा चमोला ने अपने लुक को परफेक्ट रखा है। एक्ट्रेस ने रेड गाउन के साथ गोल्डन नेकपीस कैरी किया, जो काफी यूनिक दिखा और बालों को कर्ली करवाए। इस लुक में वह काफी क्यूट लगीं। आकांक्षा ने मिनिमल मेकअप से अपने लुक को एलिगेंट बनाने के काम किया। आकांक्षा इन दिनों काफी ट्रोल हो रही हैं लेकिन उनकी इन फोटोज से साफ है कि एक्ट्रेस को ट्रोलिंग से कोई फर्क नहीं पड़ रहा। वह अपनी जिंदगी से काफी खुश हैं और आराम से अपनी लाइफ को एन्जॉय कर रही हैं।

आकांक्षा चमोला ने इन फोटोज पर खास कैप्शन लिखा है। उन्होंने इस फोटोज के साथ रेड रोज लगाए हैं। एक्ट्रेस ने बहुत ही प्यार के साथ अपने ट्रोलर्स को जवाब दिया है, जिससे उनकी बोलती बंद हो गईं।

आकांक्षा चमोला की ये फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इन फोटोज पर फैंस भर-भरकर प्यार लुटा रहे हैं। कई सारे फैंस ने हार्ट इमोजी भेजे हैं और कुछ फैंस फायर के इमोजी लगा रहे हैं। फैंस ने आकांक्षा को सबसे ज्यादा सुंदर बताया है। आकांक्षा चमोला विवादों में हैं। आकांक्षा ने नेशनल टीवी पर कहा था कि उन्हें बच्चों की जिम्मेदारी नहीं चाहिए क्योंकि वह नहीं मानती कि वह इस जिम्मेदारी को उठा सकती हैं। इस पर वह काफी ट्रोल हुईं। गौरव खन्ना कई बार अपनी पत्नी का बचाव कर चुके हैं, लेकिन आकांक्षा को ट्रोलिंग से कोई फर्क नहीं पड़ता।

# निखिल सिद्धार्थ की भव्य ऐतिहासिक एक्शन फिल्म स्वयंभू को मिली नई रिलीज़ डेट

निखिल की माइथोलॉजिकल एंटरटेनर स्वयंभू काफी समय से रिलीज़ का इंतज़ार कर रही है। पिछले कुछ दिनों से खबरें आ रही थीं कि मेकर्स फिल्म की रिलीज़ को मार्च या अप्रैल तक पोस्टपोन कर देंगे।

अब, कुछ मिनट पहले मेकर्स ने फिल्म की नई रिलीज़ डेट कन्फर्म कर दी है। फिल्म अब 10 अप्रैल को रिलीज़ होगी। मेकर्स ने यह फैसला इसलिए लिया है क्योंकि फिल्म में बहुत सारे वीएफएक्स और सीजीआई का इस्तेमाल हुआ है और वे आउटपुट की क्वालिटी से कोई समझौता नहीं करना चाहते।

इस फिल्म को भरत कृष्णमाचारी डायरेक्ट कर रहे हैं, जो अपना डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म की फीमेल लीड संयुक्ता और नाभा नटेश हैं और म्यूजिक रवि बसरूर ने दिया है। के.के. सेंथिल कुमार सिनेमैटोग्राफर हैं और भुवन और श्रीकर पिक्सेल स्टूडियोज़ के तहत फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं। टैगोर मधु फिल्म को प्रेज़ेंट कर रहे हैं।

# नई परतों की नई सुर्खियों में ट्रंप... ◀◀ पृष्ठ 4 का शेष

लिए एपस्टीन से गुहार, आदि के ऐसे असंख्य क़िस्से हैं, जिससे मालूम होता है कि दुनिया वैसे ही चलती हुई है जैसे भारत में लुटियन दिल्ली के नेटवर्क रहे है।

बावजूद एपस्टीन ने सालों तक जितना बड़ा यौन तस्करी नेटवर्क चलाया है तथा वह देशों/शक्तिशाली व्यक्तियों से लगातार जुड़ा रहा, वह भूमंडलीकृत दुनिया से विकसित अजूबा था। ख़ासकर इसलिए कि वैश्विक मीडिया की सक्रियता के बावजूद कभी किसी को भनक नहीं लगी। एपस्टीन मूलतः पूंजीपति फ़ाइनेंसर था। वित्तीय करियर में उसने अमीर, शक्तिशाली और प्रसिद्ध लोगों के साथ सेक्स के ज़रिए वैश्विक सामाजिक नेटवर्क बनाया। 2008 में उसे कम उम्र की लड़कियों के साथ यौन गतिविधि के लिए अदालत ने दोषी ठहराया था। बावजूद इसके वह रूका, थमा नहीं। जेल से छूटने के बाद उसने रुतबा बनाया। 2019 में वह फ़ेडरल नाबालिग यौन तस्करी के आरोपों में गिरफ़्तार हुआ। अदालत फ़ैसला सुनाने ही वाली थी कि उसने 2019 में जेल में आत्महत्या की।

कैसा अजब मामला है जो अमेरिका की व्यवस्था यानी अदालत, संसद, मीडिया आदि से इस वैश्विक नेटवर्क की परतें तब खुलती हुई हैं, जब ट्रंप का पहला कार्यकाल था; या अब दूसरा कार्यकाल है। मेरा मानना है कि नई परतों की नई सुर्खियों ने ट्रंप को बैचेन तो किया होगा। तभी जिस दिन न्यायिक विभाग ने दस्तावेज़ सार्वजनिक किए, उसी दिन ध्यान बंटाने के लिए अमेरिकी पत्रकारिता का एक जाना-माना पत्रकार एक बेहूदा मामले में गिरफ़्तार हुआ। सो, संभव है कि राष्ट्रपति ट्रंप नई सुर्खियों के लिए अचानक ईरान पर निशाना साधकर अपने सूरमा होने की नई सुर्खी बनाने की कोशिश करें।

# धनश्री वर्मा का गहरे हरे गाउन में ग्लैमरस लुक हुआ वायरल, फैंस बोले- स्टनिंग ब्यूटी



धनश्री वर्मा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर किया है। उनका ये नया फोटोशूट उनके फैशन सेंस और ग्लैमरस अंदाज का बेहतरीन उदाहरण है। गहरे हरे रंग की गाउन जो शॉर्ट फ्रंट और लंबी ट्रेन के साथ डिजाइन की गई है उनके लुक को रॉयल टच दे रही है। गाउन का फिट और फैब्रिक उनके शरीर पर परफेक्ट बैठ रहा है जिससे उनका स्टाइल और भी निखर कर सामने आ रहा है।

धनश्री वर्मा ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ बेहद स्टाइलिश और स्टनिंग तस्वीरें शेयर की हैं।

इस फोटोशूट में उनका लुक ऐसा है कि देखते ही बन रही है। उन्होंने गहरे हरे रंग की गाउन पहनी है जो शॉर्ट फ्रंट और लंबी ट्रेन के साथ डिजाइन की गई है।

गाउन का कट और फैब्रिक उनकी फिगर पर बिल्कुल फिट बैठ रहा है और ये उनके लुक में ग्लैमरस टच जोड़ रहा है।

फोल्डेड ट्रेन और डिजाइन उन्हें रॉयल और एलीगेंट लुक दे रहे हैं जो हर नजर को अपनी ओर खींच रहे हैं।

धनश्री के बाल सॉफ्ट वेवी स्टाइल में सेट किए गए हैं जिससे उनका चेहरा और भी निखर कर सामने आ रहा है।

मेकअप भी बहुत ही सिंपल है। उन्होंने हल्की स्मोकी आईज,सटल लिप कलर और चेहरे पर नैचुरल ग्लो उनके लुक को पूरा कर रहे हैं।

शाइनिंग हील्स उनके आउटफिट के साथ परफेक्ट मैच कर रही हैं ।फोटोशूट में उनकी पोजिंग भी कमाल की है।

धनश्री ने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, चमकों की दुनिया में कोमल कृपा। इस कैप्शन के साथ फैंस ने भी उन पर खूब प्यार लुटाया है।

कमेंट सेक्शन में लोग लिख रहे हैं कि वह बहुत खूबसूरत दिख रही हैं,स्टनिंग ब्यूटी और उनकी ब्यूटी का क्या ही कहना है। उनके फैंस के प्यार और तारीफों ने इस पोस्ट को सोशल मीडिया पर और भी वायरल बना दिया है।

# तू या मैं में विजय नांबियार के साथ काम करना मेरे करियर का सबसे खास अनुभव रहा : पारुल गुलाटी



हिंदी सिनेमा में हर कलाकार के करियर में कुछ ऐसे प्रोजेक्ट आते हैं, जो उनके सीख और आत्मविश्वास का जरिया बन जाते हैं। अभिनेत्री पारुल गुलाटी के लिए उनकी आने वाली फिल्म तू या मैं कुछ ऐसा ही प्रोजेक्ट है। इस फिल्म के जरिए उन्हें मशहूर निर्देशक विजय नांबियार के साथ काम करने का मौका मिला है। इसको लेकर पारुल का कहना है कि यह फिल्म उनके करियर का सबसे खास अनुभव है।

इस सफर ने उन्हें एक कलाकार के रूप में और मजबूत बनाया है। फिल्म को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए पारुल गुलाटी ने कहा, विजय नांबियार के साथ काम करना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा रहा। मैं पहले से ही उनके काम की बड़ी प्रशंसक रही हूं। उनकी फिल्मों में कहानी कहने का तरीका, किरदारों की गहराई और फिल्म का माहौल ऐसा होता है कि फिल्म खत्म होने के बाद भी उसका असर मन पर बना रहता है।

ऐसे निर्देशक के साथ काम करना सम्मान की बात है। पारुल ने कहा, जिस निर्देशक के काम को आप सालों से देखते और पसंद करते आए हों, उसी के निर्देशन में कैमरे के सामने खड़ा होना बहुत खास एहसास देता है। तू या मैं ने मुझे यही मौका दिया। इस फिल्म ने उन्हें भावनात्मक, मानसिक और अभिनय के स्तर पर खुद को और बेहतर समझने का अवसर दिया।

यह फिल्म मेरे करियर की सबसे खास है। इस फिल्म में पारुल गुलाटी के साथ आदर्श गौरव और शनाया कपूर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। अपने सह-कलाकारों के बारे में बात करते हुए पारुल ने कहा, उनके साथ काम करना इस सफर को और भी खूबसूरत बनाता है। आदर्श गौरव बेहद ईमानदार और मेहनती अभिनेता हैं। वह हर सीन में पूरी सच्चाई के साथ काम करते हैं। वहीं शनाया कपूर सेट पर नई ताजगी लेकर आती हैं। उनमें सीखने की काफी लगन है। पारुल ने कहा, जब आसपास ऐसे कलाकार होते हैं, तो काम को लेकर समर्पण और खुद को बेहतर करने की प्रेरणा अपने आप मिलती है। हर दिन सेट पर कुछ नया सीखने को मिलता है, और यही चीज किसी भी कलाकार को आगे बढ़ने में मदद करती है।

# गुलाबी कांठा बुग्याल में उमड़ा पर्यटकों का सैलाब

उत्तरकाशी(आरएनएस)। गुलाबी कांठा बुग्याल इन दिनों सर्दियों की ताजा बर्फबारी के बाद पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। देश के विभिन्न हिस्सों से पर्यटक यहां बर्फबारी का लुत्फ उठाने पहुंच रहे हैं। यह बुग्याल क्षेत्र पर्यटकों से गुलजार नजर आ रहा है। बड़कोट क्षेत्र की यमुनाघाटी में स्थित गुलाबी कांठा बुग्याल में एक से डेढ़ फीट तक बर्फ जमी है। हालांकि इस बार मौसम की बेरूखी के कारण क्षेत्र में ज्यादा बर्फबारी नहीं हुई। आमतौर पर इस बुग्याल क्षेत्र में सर्दियों में तीन से चार फीट तक बर्फ जमी रहती है। मौजूदा समय में यहां चारों ओर फैली बर्फ, देवदार और भोजपत्र के घने वृक्ष, शांत वातावरण और हिमालयी चोटियों के मनमोहक दृश्य पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं। बड़ी संख्या में विभिन्न राज्यों से पर्यटक, ट्रेकर्स और प्रकृति प्रेमी यहां पहुंच रहे हैं। युवाओं के समूह ट्रेकिंग, स्नो वॉक, फोटोग्राफी और कैंपिंग का भरपूर आनंद ले रहे हैं। स्थानीय निवासी विजय सिंह रावत ने बताया कि सर्दियों में यह बुग्याल मिनी स्नो डेस्टिनेशन के रूप में प्रसिद्ध होता जा रहा है। यहां तक पहुंचने के लिए देहरादून से बड़कोट होते हुए हनुमानचट्टी तक सड़क मार्ग उपलब्ध है। हनुमानचट्टी तक बस और टैक्सी की सुविधा आसानी से मिल जाती है, जिसके बाद लगभग 5-6 किमी का पैदल ट्रेक करना पड़ता है। हर वर्ष यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो रही है जिससे यह क्षेत्र शीतकालीन पर्यटन के रूप में तेजी से पहचान बना रहा है।

## बसुकेदार मंदिर समूह का जीर्णोद्धार शुरू

रुद्रप्रयाग(आरएनएस)। बसुकेदार स्थित 12वीं से 13वीं सदी के मंदिर समूह का जीर्णोद्धार शुरू हो गया है। पुरातत्व विभाग की टीम की ओर से मंदिर के खंभों और छतों की मरम्मत कर, मंदिर की नक्काशीदार दीवारों, मूर्तियों और पत्थरों को मौसम, काई और प्रदूषण से बचाने के लिए विशेष रासायनिक लेप लगाया जा रहा है। साथ ही फोटोग्राफी के माध्यम से मंदिर का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। जिले के सुदूरवर्ती गांव बसुकेदार में 12वीं से 13वीं सदी में यह ऐतिहासिक मंदिर समूह है। इस मंदिर समूह में छोटे-बड़े चौदह मंदिर हैं। मुख्य मंदिर शिवालय है जिसके गर्भगृह में शिवलिंग स्थापित है। यह मंदिर नागर शैली में निर्मित है। गर्भगृह के मंडप परिसर में गणेश की प्रतिमा स्थापित है। साथ ही नागदेवता के तांबे से बनी आकृतियां भी यहां हैं। मगर अनदेखी के कारण कई वर्षों से जीर्णशीर्ण स्थिति में पहुंच गया था। अब पुरातत्व विभाग की ओर से मंदिर के उपचार और जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। पुरातत्व विभाग के संरक्षण सहायक अनिल नेगी ने बताया कि पहले केमिकल से मंदिर प्रांगण और दीवारों पर लगी काई को साफ किया जा रहा है। इसके बाद फिर कैमिकल लेप लगाया जाएगा ताकि मंदिर बारिश से भी सुरक्षित रहे। वहीं विनीत गिरी मंदिर की फोटोग्राफी कर डिजिटल रिकॉर्ड तैयार कर रहे हैं।

## सू- दोकू क्र.054

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 53 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

# कुंभ मेला-2027 की तैयारियों को लेकर मेलाधिकारी ने कुंभ नगरी के विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण

हरिद्वार(आरएनएस)। कुंभ मेला-2027 की तैयारियों को व्यवस्थित एवं समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने कुंभ नगरी के विभिन्न क्षेत्रों का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले के दौरान देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

मेलाधिकारी ने भीड़ प्रबंधन, पार्किंग एवं ट्रैफिक नियंत्रण से संबंधित प्रस्तावित योजनाओं की मौके पर समीक्षा करते हुए कहा कि कुंभ जैसे विराट आयोजन के लिए सुविचारित योजना, समन्वित कार्यप्रणाली तथा निरंतर निगरानी आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श कर व्यवस्थाओं की व्यवहारिकता, संभावित चुनौतियों तथा उनके समाधान पर चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान मेला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ बैरागी कैंप, दक्ष क्षेत्र, जगजीतपुर, गौरीशंकर क्षेत्र तथा नजीबाबाद मार्ग स्थित कुंभ नगरी के प्रवेश स्थल प्वाइंट 4.2 का भ्रमण किया गया। मेलाधिकारी ने इन क्षेत्रों में पार्किंग स्थलों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ सभी सेक्टरों में मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर भी जोर दिया।

उन्होंने निर्देशित किया कि पेयजल आपूर्ति की निरंतर व्यवस्था, पर्याप्त संख्या में शौचालयों की स्थापना, नियमित साफ-सफाई, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, समुचित प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। प्रत्येक सेक्टर में चिकित्सा सहायता केंद्र एवं आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। मेलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी चिन्हित अस्थायी पार्किंग स्थलों का समय से समतलीकरण कराया जाए, जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा संपर्क मार्गों को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित किया जाए। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि सड़क मार्ग से आने वाले श्रद्धालु नगर के आंतरिक क्षेत्रों में प्रवेश किए बिना ही सुगमतापूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से निर्धारित स्नानघाटों तक पहुंच सकें। इसके लिए प्रभावी प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि हरिद्वार में निर्माणाधीन रिंग रोड तथा नजीबाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजना को ध्यान में रखते हुए पार्किंग एवं ट्रैफिक प्रबंधन की कार्ययोजना में आवश्यक संशोधन किये जाएं । इस दौरान एसपी (सिटी) अभय सिंह ने भीड़ प्रबंधन एवं यातायात नियंत्रण की प्रस्तावित कार्ययोजना की जानकारी दी। उप मेलाधिकारी मनजीत सिंह ने संबंधित क्षेत्रों में की जाने वाली व्यवस्थाओं की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की।

# वनाग्नि और मानव-वन्यजीव संघर्ष पर संगोष्ठी, सामूहिक प्रयासों पर जोर

अल्मोड़ा(आरएनएस)। इनाकोट में आयोजित संगोष्ठी में वनाग्नि और मानव-वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता जताई गई। लोक प्रबंध विकास संस्था और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में अल्मोड़ा वन प्रभाग, सिविल सोयम वन प्रभाग और बिनसर वन्यजीव विहार के अधिकारियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में जंगल और समुदाय के संबंधों में बदलाव आया है और ग्रामीणों की जंगल पर निर्भरता भी कम हुई है। बदलते हालात में वनाग्नि की घटनाओं से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। वक्ताओं ने आग नियंत्रण के लिए सीजनल फायर वॉचरों की नियुक्ति अवधि बढ़ाने, फायर लाइन निर्माण में तेजी लाने, जंगलों में आग लगाने की घटनाओं पर नियंत्रण और पिकनिक स्थलों पर निगरानी बढ़ाने की आवश्यकता बताई। मानव-वन्यजीव संघर्ष के मुद्दे पर भी विस्तृत चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती वन्यजीवों की आवाजाही को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। वन क्षेत्राधिकारी मोहन राम ने बसोली और ताकुला क्षेत्र में बंदरों को पकड़ने और तेंदुओं की गतिविधियों पर नजर रखकर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। संगोष्ठी में वन क्षेत्राधिकारी मनोज सनवाल, वन दरोगा हरेंद्र सतवाल, वन पंचायत संगठन के अध्यक्ष सुंदर सिंह पिलख्वाल, सचिव पूरन सिंह, डूंगर सिंह, किशोर तिवारी, देवेंद्र सिंह, बहादुर मेहता, जगमोहन चोपता, ग्राम प्रधान ज्योति डंगवाल, कनिष्ठ प्रमुख निर्मल नयाल, मदन बिष्ट, क्षेत्रीय संसाधन पंचायत की अध्यक्ष पूजा बिष्ट बालम सिंह सुयाल, चंदन सिंह सहित अन्य लोगों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन ईश्वर जोशी ने किया।

## परीक्षा केंद्रों पर 3582 छात्रों ने दिया हिन्दी का पेपर

रुद्रपुर(आरएनएस)। उत्तराखण्ड बोर्ड का हिन्दी का पेपर 21 परीक्षा केंद्रों पर हुआ।

सितारगंज में 382० परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 3582 ने परीक्षा दी। 238 छात्र अनुपस्थित रहे। बीईओ भानुप्रकाश ने बताया कि सभी केंद्रों में नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न हुई। हिन्दी का पेपर देकर परीक्षा केंद्रों से बाहर आए छात्रों के चेहरों पर प्रसन्नता दिखी। उन्होंने प्रश्नपत्र को लेकर संतोष जताया।

## बच्चों को इलेक्ट्रॉनिक्स मॉडल दिखाए

पिथौरागढ़(आरएनएस)। नगर स्थित बाल विज्ञान खोजशाला में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपने-अपने वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए।

इस दौरान महाविद्यालय विज्ञानशाला के स्टेम चैंपियन ने इलेक्ट्रॉनिक्स के मॉडल अन्य विद्यार्थियों के समक्ष प्रदर्शित किए और उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी दी। निर्णायक मंडल में महाविद्यालय के डॉ. बालम बिष्ट, डॉ. अश्विन और हिमांशु उपाध्याय शामिल रहे।

कार्यक्रम में खोजशाला प्रभारी हरीश चंद्र, बाल विज्ञान खोजशाला समिति की अध्यक्ष सुनीता पांडेय, विज्ञान संचारक कमलेश जोशी, शिक्षक बलवंत राठौर, हिमांशु पंत, हेमंत डसीला, नरेश कुमार तथा विज्ञानशाला से दीपमाला रावल उपस्थित रहे।

# फसल खरीद नीति में बदलाव की मांग उठी

रुद्रपुर(आरएनएस)। मंडी समिति सभागार में आयोजित किसानों की बैठक में आगामी गेहूं खरीद बहुद्देश्यीय किसान सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से कराने की मांग उठाई गई। किसानों ने कच्चे आढ़तियों के माध्यम से धान खरीद की व्यवस्था समाप्त करने पर जोर दिया।

बैठक में किसानों ने धान खरीद नीति पर रोष व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि कच्चे आढ़तियों के जरिए खरीद से किसानों का शोषण हुआ है। उन्होंने मांग की कि कच्ची आढ़त व्यवस्था को तत्काल समाप्त कर प्रत्येक ग्राम सभा के अनुसार खरीद केंद्र स्थापित किए जाएं और पारदर्शी तरीके से धान खरीद सुनिश्चित की जाए।

किसानों ने गन्ना भुगतान शीघ्र कराने और भुगतान में देरी करने वाले बैंकों का अनुबंध समाप्त करने की भी मांग की। साथ ही गन्ने की खरीद समितियों के माध्यम से कराने की बात कही। जिन किसानों के पट्टे निरस्त किए गए हैं, उन्हें बहाल कर स्वामित्व अधिकार देने और कब्जे की भूमि पर बसे लोगों को भूमिधरी अधिकार देने की मांग भी उठाई गई। बैठक में अमेरिका और भारत के बीच संभावित व्यापारिक समझौते को किसानों के लिए नुकसानदायक बताया गया। किसानों का कहना था कि यदि विदेशी बाजार के लिए दरवाजे खोले गए तो राज्य के किसान और फल उत्पादक प्रभावित होंगे।

उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर बड़ा जनांदोलन किया जाएगा। यहां अखिल भारतीय किसान सभा जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह, मनसुखी सिंह, जगदेव सिंह, राजेन्द्र सिंह, अनिरुद्ध राय, परितोष, शिवशंकर, अनिल हाल्दर, रवेती रणजीत, लखविंदर, सतनाम सिंह, नत्थूलाल यादव, पुनीत कुमार, जोगेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



# होल्यारों ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट कर दी होली की शुभकामनाएं

देहरादून। जनपद चम्पावत के दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों से आए होल्यारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की और पारंपरिक अंदाज में उन्हें होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर होल्यारों ने कुमाऊँ अंचल की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का अनुपम प्रदर्शन करते हुए खड़ी एवं बैठकी होली के पारंपरिक लोकगीतों का सुमधुर गायन किया। मुख्यमंत्री धामी ने सभी होल्यारों का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह हमारी समृद्ध लोकसंस्कृति, शास्त्रीय संगीत परंपरा, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि चम्पावत सहित समूचे कुमाऊँ क्षेत्र की खड़ी और बैठकी होली अपनी विशिष्ट शैली, राग-रागिनियों की शास्त्रीयता और भक्ति भाव से परिपूर्ण प्रस्तुति के कारण देशभर में विशेष पहचान रखती है। यह परंपरा हमारी सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य धरोहर है, जिसे संजोकर रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लोक कला, लोक संगीत और पारंपरिक उत्सवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत है। विभिन्न सांस्कृतिक मंचों, महोत्सवों और आयोजनों के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर होल्यारों ने प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और निरंतर प्रगति की कामना करते हुए पारंपरिक मंगल गीत प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री ने भी समस्त प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कामना की कि यह रंगोत्सव सभी के जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मकता, सुख और समृद्धि लेकर आए। उन्होंने कहा कि होली का यह पावन पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम, सद्भाव और एकता के रंग में रंगने का संदेश देता है।

# दहेज के लिए प्रताडित करने पर पति, सास-ससुर पर मुकदमा

देहरादून (सं)। दहेज के लिए प्रताडित करने पर पति, सास-ससुर पर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार द्रोण वाटीका निवासी पयोसनी सिंह ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका विवाह नई दिल्ली निवासी पियूष कुमार के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही उसका पति व सास-ससुर उसको दहेज के लिए प्रताडित करने लगे थे। उसके परिवार वालों के समझाने के बाद भी उनके व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया। जब उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो उन्होंने उसको मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# आरटीओ के ई-चालान के माध्यम से निकाले सवा लाख रुपये

देहरादून (सं)। आरटीओ के ई-चालान के माध्यम से सवा लाख रूपये निकालने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आफिसर्स कालोनी चन्द्रबनी निवासी संदीप कुमार काम्बोज ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि किसी ने आरटीओ ई-चालान एप के माध्यम से उसके खाते से बिना उसकी जानकारी के एक लाख 29 हजार 702 रूपये निकाल लिये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# शराब के साथ गिरफ्तार

टिहरी (सं)। पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार जनपद टिहरी गढ़वाल में शराब की बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी के निकट पर्यवेक्षण में थाना घनसाली पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सायंकालीन गश्त के दौरान थाना घनसाली पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

# डीएम सविन बंसल के निर्देशन में जिले के दिव्यांग व वरिष्ठजनों को मिला सहारा

संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देशन में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराये।

जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशन में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उनके जीवन को सुगम बनाने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग, देहरादून द्वारा जनपद स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का संचालन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित एडिप योजना एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत किया गया। राजधानी देहरादून में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय (पीजी) सहिया, कालसी में आयोजित सहायक उपकरण वितरण शिविर के समापन अवसर पर 657 सहायक उपकरण निशुल्क वितरित किए गए। जनपद की छह विकासखंडों, नगर पालिका एवं नगर निगम क्षेत्रों में आयोजित शिविरों के माध्यम से कुल 3,447 सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें विकासखंड रायपुर में 297, सहसपुर में 693, विकासनगर में 103, डोईवाला में 709, नगर पालिका मसूरी में 241, नगर निगम ऋषिकेश में 433, कालसी सहिया में 657, लाखामंडल में




107 तथा त्यूणी एवं कनासर में 237 दिव्यांग एवं वरिष्ठजनों को बैसाखी, ट्राइसाइकिल, छड़ी, व्हीलचेयर, कृत्रिम अंग, वॉकर, कमोड चेयर, कमर बेल्ट एवं श्रवण यंत्र सहित विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए गए।

जिलाधिकारी सविन बंसल के मार्गदर्शन में संचालित इन शिविरों का उद्देश्य चयनित दिव्यांगजनों एवं आर्थिक रूप से कमजोर वरिष्ठ नागरिकों को न केवल सहारा प्रदान करना, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाना भी है। सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए ये सहायक उपकरण लाभार्थियों के दैनिक जीवन को सुगम बनाने के साथ ही उनकी गतिशीलता और आत्मविश्वास में वृद्धि करेंगे। सहायक उपकरण प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। वितरण शिविर में बीडीओ कालसी जगत सिंह, सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय (पीजी) सहिया के प्रबंधक अनिल तोमर, सहायक समाज कल्याण अधिकारी खजान सिंह, डीडीआरसी देहरादून से कपिल पुनिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जनपद में कुल 9 शिविरों का आयोजन किया गया।

भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत मात्र 30 दिनों के भीतर पात्र दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को निरूशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए गए। उन्होंने जानकारी दी कि देहरादून स्थित प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र में सप्ताह के सातों दिन सहायक उपकरण वितरित किए जाते हैं। इसके लिए पात्र लाभार्थियों को मासिक आय प्रमाण पत्र के साथ ग्राम प्रधान या पार्षद से प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

# सहकारी मेलों में वितरित किया गया 21 करोड़ का ऋण : डॉ. धन सिंह रावत

देहरादून (आरएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में आयोजित सहकारिता मेलों में राज्य सरकार द्वारा किसानों, काश्तकारों, युवा उद्यमियों व महिला स्वयं सहायता समूहों को पशुपालन, मछली पालन, फूलों की खेती जैसी अन्य गतिविधियों के लिए 21 करोड़ से अधिक का ब्याज मुक्त ऋण वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त मेलों में 500 से अधिक महिला स्वयं सहायता समूहों ने अपने उत्पादों का विक्रय कर अच्छा मुनाफा कमाया है।

सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ० धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी एक बयान में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं ग्रामीण आर्थिकी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर में सहकारिता मेलों का आयोजन किया जा रहा है। डॉ० रावत ने बताया कि सहकारिता विभाग के माध्यम से विशेष थीमों पर आधारित इन मेलों का 11 जनपदों में सफल आयोजन किया जा चुका है, जबकि टिहरी जनपद में मेला आयोजित किया गया है। इन मेलों में किसानों, काश्तकारों, कारीगरों एवं महिला स्वयं सहायता समूहों को बाजार उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा मेलों में विभागीय योजनाओं का लाभ आम लोगों का पहुंचाया जा रहा है।

डॉ० रावत ने बताया कि मेलों के माध्यम से अब तक 1038 किसानों व 147 महिला स्वयं सहायता समूहों को रुपये 21 करोड़ से अधिक ब्याज मुक्त ऋण वितरित किया जा चुका है, जिसमें अल्मोड़ा जनपद में 174 लाख का ब्याज मुक्त ऋण किसानों व महिला स्वयं सहायता समूहों को वितरित किया गया। इसी प्रकार बागेश्वर में 115 लाख, पिथौरागढ़ में 211 लाख, चम्पावत 81, नैनीताल 107 लाख, चमोली 155 लाख, रूद्रप्रयाग 177 लाख, पौड़ी 583 लाख, हरिद्वार 71 लाख, देहरादून 98 लाख तथा उत्तरकाशी जनपद में किसानों व महिला स्वयं सहायता समूहों को 56 लाख का ब्याज मुक्त ऋण वितरित किया गया है।

टिहरी जनपद में आयोजित मेले में अब तक 270 लाख का ऋण वितरित किया जा चुका है। विभाग द्वारा वितरित किये जा रहे ब्याज मुक्त ऋण प्रदेश के किसानों, काश्तकारों, कारीगरों, युवाओं, महिला स्वयं सहायता समूहों के कृषि विकास, स्वरोजगार, लघु उद्यम एवं आजीविका संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

डॉ० रावत ने बताया कि सहकारी मेलों में महिला स्वयं सहायता समूहों को सीधा बाजार मिला है। अब तक आयोजित मेलों में 500 से अधिक महिला समूहों ने अपने उत्पादों हस्तशिल्प, स्थानीय खाद्य सामग्री, जैविक उत्पाद सहित पारंपरिक वस्त्रों का विक्रय किया है जिनसे उनको खास मुनाफा हुआ है। डॉ० रावत ने बताया कि सहकारिता मेलों से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है और महिलाएं आत्मनिर्भरता बन रही हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता मेले किसानों, महिलाओं एवं ग्रामीण उद्यमियों के आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम बनकर उभरे हैं। इन आयोजनों ने सहकारिता के मूल सिद्धांतों सहभागिता, आत्मनिर्भरता और सामूहिक विकास को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान की है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से सहकारिता को रोजगार सृजन, वित्तीय समावेशन एवं समावेशी विकास का मजबूत आधार बनाया जाएगा।

# शराब के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेलाकुई थाना पुलिस ने पुरानी पुलिस चौकी के पास एक स्कूटी सवार को रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख स्कूटी को तेजी से भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 90 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम गजेन्द्र सिंह पुत्र पूरण सिंह निवासी धूलकोट बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

# अधिकृत वित्त समिति की बैठक में विकास परियोजनाओं को मिली स्वीकृति

## ❑यूआईडीएफ फंड के अंतर्गत न्यू कैंट मार्ग अपग्रेडेशन को मंजूरी



संवाददाता

देहरादून। यूआईडीएफ फंड के अन्तर्गत अधिकृत वित्त समिति की बैठक में विकास परियोजनओं को स्वीकृति मिली।

आज यहां बैठक में यूआईडीएफ फंड के अंतर्गत न्यू कैंट मार्ग, दिलाराम बाजार से विजय कॉलोनी पुल तक 2 लेन से 3 लेन में उन्नयन हेतु यूटिलिटी शिफ्टिंग (विद्युत लाइनों को यूटिलिटी डक्ट में स्थानांतरित करना) एवं वाटर सप्लाई लाइन शिफ्टिंग के रू. 1257.96 लाख के कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। पिथौरागढ़ में पेयजल योजना सुदृढ़ीकरण जनपद पिथौरागढ़ की पिथौरागढ़ शाखा के अंतर्गत घाट पंपिंग पेयजल योजना की जीर्ण-शीर्ण पाइपलाइन, राइजिंग मेन के प्रतिस्थापन एवं पुनर्संरेखण संबंधी रू.1338.53 लाख रू की योजना को अनुमोदन दिया गया। मसूरी राज्य राजमार्ग संख्या-1 के कि. मी. 18 पर सहसपुर, जनपद देहरादून में क्षतिग्रस्त एकल लेन पुल के स्थान पर रू. 1200.17 लाख रू की लागत से 60 मीटर स्पैन का दो लेन, क्लास-ए लोडिंग स्टील बॉक्स पुल निर्माण को स्वीकृति दी गई। मुख्य सचिव ने पेयजल निगम के रामनगर बस टर्मिनल निर्माण कार्य के पुनरीक्षित आकलन परियोजना में परियोजना के कुल खर्च के मुकाबले फाउंडेशन वर्क व साइट विकास की अधिक लागत पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने भ्वक, पीडब्ल्यूडी एवं एमडी, पेयजल निगम को प्रांरभिक लागत, विस्तारित लागत, साइट चयन, नींव खर्च एवं कुल व्यय की व्यवहारिकता, प्रासंगिकता, मितव्ययिता और उपयोगिता की जांच हेतु कमेटी गठित करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि सार्वजनिक धन की मितव्ययिता सर्वोपरि है। केवल कंसलटेंट के प्रस्तावों पर निर्भर न रहते हुए विभाग स्वयं जिम्मेदारीपूर्वक पर्याप्त स्क्रूटनी करें। बिना समुचित जांच के किसी भी प्रस्ताव को हाई पावर कमेटी में प्रस्तुत न किया जाए।

उन्होंने दो टूक कहाख्रकार्य पब्लिक-सेंट्रिक हों। आज स्वीकृत सभी परियोजनाओं पर शीघ्र, पारदर्शी एवं समयबद्ध अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सचिव पंकज पांडेय, एस.ए. बृजेश संत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# गुरदासपुर में पुलिसकर्मियों का हत्यारा एनकाउंटर में ढेर



हमारे संवाददाता

चंडीगढ। गुरदासपुर में पुलिस कर्मियों की हत्या के एक आरोपी रणजीत सिंह का पंजाब पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया है।

बता दें कि बीते दिन आधी रात के समय पुलिस चौक पोस्ट पर तैनात एएसआई और होमगार्ड जवानों की लाशें मिली थी। बाद में उनके मर्डर की वीडियो भी वायरल हुई। पंजाब पुलिस द्वारा की गई जाच के दौरान बीते दिन हत्यारों की पहचान कर ली गई। पुलिस ने गुरदासपुर में एएसआई और होमगार्ड की हत्या के मामले में मंगलवार को पुलिस ने एक आरोपी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दिलावर सिंह गांव आलिनंगल का रहने वाला है, जिससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने 2 और आरोपियों की पहचान की है। इनमें गांव आदियां के 2 युवक रणजीत सिंह और इंद्रजीत सिंह शाामिल हैं। इन्हें पकड़ने के लिए पुलिस ने इनके घर रेड की। लेकिन यह दोनों वहां नहीं मिले। इसके बाद पुलिस ने एक की भाभी और एक की बहन को हिरासत में लिया है। आज सुबह पंजाब पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी रणजीत सिंह की घेराबंदी की। पुलिस एनकाउंटर में रणजीत सिंह ढेर हो गया।

# शराब के साथ एक गिरफ्तार



संवाददाता

टिहरी। पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार जनपद टिहरी गढ़वाल में शराब की बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी के निकट पर्यवेक्षण में थाना घनसाली पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सायंकालीन गश्त के दौरान थाना घनसाली पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अरविन्द पुत्र जगदम्बा प्रसाद निवासी जख्याली थाना घनसाली बताया। पुलिस ने उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

# इजराइल के हिब्रू अखबार की हेडलाइन में 'हिंदी'

कार्यालय संवाददाता

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय इजरायल दौरे पर पहुंच चुके हैं। एयरपोर्ट पर बेंजामिन नेतन्याहू ने उनको गले लगाकर गर्मजोशी से स्वागत किया. पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

इजरायल के प्रमुख अंग्रेजी अखबार द येरुशलम पोस्ट ने अपने पहले पन्ने पर पीएम मोदी की तस्वीर छापी है। खास बात यह है कि अखबार ने हिंदी और हिब्रू दोनों भाषाओं में नमस्ते लिखा। इसके नीचे संदेश था-दो प्राचीन देश अपने संबंधों का नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। यह साफ दिखाता है कि इस यात्रा को कितना अहम माना जा रहा है। 24 फरवरी को प्रकाशित एक ओपिनियन




कि मोदी का इजरायल दौरा वैश्विक सुरक्षा के लिए एक रणनीतिक टर्निंग पॉइंट है। लेख में कहा गया कि यह सिर्फ एक औपचारिक दौरा नहीं है। पीएम मोदी केनेस्सेट (इजरायली संसद) को संबोधित करेंगे, यरूशलम में इनोवेशन मंच में हिस्सा लेंगे और Yad Vashem में श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे। लेख के मुताबिक, ये सभी कार्यक्रम भारत-इजरायल रिश्तों की गहराई दिखाते हैं चाहे वह राजनीतिक विश्वास हो, तकनीकी सहयोग हो या सुरक्षा से जुड़ी साझा समझ। हिब्रू चैनल एन 12 न्यूज से बात करते हुए भारत में इजरायल के राजदूत रेउवेन एजर ने कहा कि भारत को ऐसी संवेदनशील तकनीकों तक पहुंच मिल सकती है, जिन्हें अब तक साझा नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि सबसे अहम मुद्दा सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर करना है। एजर ने यह भी कहा कि हाल के युद्धों और भारतीयों को मिली सुरक्षा चुनौतियों के बाद यह सहयोग और भी महत्वपूर्ण हो गया है।

# डायरेक्टर संजय लीला भंसाली को पड़ा दिल का दौरा

कार्यालय संवाददाता

मुंबई। संजय लीला भंसाली को कल रात हार्ट अटैक आया। कल उनका जन्मदिन था। वे कोकिला बेन में भर्ती हैं हालांकि वे अब खतरे से बाहर हैं। कोकिला बेन हॉस्पिटल में डॉ. सुनील वानी के अंडर में उनका इलाज जारी है।

मुंबई की 300 स्क्वेयर फीट की चॉल में जन्मे संजय लीला भंसाली की शुरुआत मामूली हुई ती लेकिन अपनी मेहनत के दम पर वे भारत के सबसे मशहूर फिल्ममेकर्स में से एक बन गए आज उनकी नेट वर्थ 940 करोड़ रुपये है। बेरंग दीवारों से सिनेमा के सबसे शानदार सेट बनाने तक का उनका सफर फिल्म इंडस्ट्री में उनके शानदार विकास



को दिखाता है।

आज संजय लीला भंसाली को इंडियन सिनेमा के सबसे बेहतरीन और सबसे विजनरी डायरेक्टर में से एक माना जाता है, जो अपनी शानदार कहानी कहने के तरीके को ऊंचा उठाने और इंडियन फिल्मों को ग्लोबल स्टेज पर ले जाने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने अब तक के करियर में कई टाइमलेस क्लासिक फिल्में दी हैं। भंसाली की शुरुआती जिंदगी गरीबी में गुजरी। उनके पिता ने जहाजी लुटेरा में इन्वेस्टमेंट किया था जो फ्लॉप रही और इसी के साथ भंसाली के घर में आर्थिक तंगी आ गई। छोटे-मोटे इवेंट्स में अपनी मां को डांस करते देखकर उन्हें अपने सिग्नेचर ग्रैंड म्यूजिकल सीक्वेंस बनाने की इंस्पिरेशन मिली थी। उनके डायरेक्टोरियल डेब्यू खामोशी: द म्यूजिकल (1996) ने पांच फिल्मफेयर अवॉर्ड जीते, जिससे उनके करियर की शुरुआत हुई। देवदास के सेट पर 9 करोड़ खर्च करने से लेकर पद्मावत के लिए 250 करोड़ खर्च करने तक, भंसाली का शान के प्रति कमिटमेंट मशहूर हो गया। उनकी सीरीज हीरामंडी में उनका अब तक का सबसे महंगा सेट 200 करोड़ का था। अपने पूरे करियर में, भंसाली ने 10 फिल्में डायरेक्ट की हैं, 7 प्रोड्यूस की हैं, 3 के लिए म्यूजिक बनाया है और 16 स्क्रीनप्ले लिखे हैं। उनकी फिल्मों ने अक्सर विवाद भी खड़े किए, खासकर पद्मावत को लेकर काफी कॉन्ट्रोवर्सी हुई। इसकी ऐतिहासिक कहानी दिखाने को लेकर कड़े विरोध का सामना करना पड़ा था। फिल्ममेकर अब लव एंड वॉर के लिए तैयार हो रहे हैं इस ग्रैंड हिस्टोरिकल ड्रामा में बॉलीवुड के कुछ सबसे बड़े स्टार्स, आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल लीड रोल में हैं।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकार:
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*